समाचार

# प्रभारी अधिकारी अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि जनशिकायतों, टी.एल.प्रकरणों का निराकरण नियत समयसीमा में हो — आयुक्त

## (आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर टी.एल. प्रकरणों, जनसमस्याओं व शिकायतों से जुड़े आवेदनों व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की, इन विषयों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखकर त्वरित निराकरण किए जाने के दिए निर्देश)




कोरबा 01 अगस्त 2025 —आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के प्रभारी अधिकारियों को कड़े दिशा निर्देश देते हुए कहा है कि वे अंतिम रूप से यह सुनिश्चित कराएं कि टी.एल. प्रकरणों, जनसमस्याओं व शिकायतों से जुड़े आवेदनों का निराकरण निर्धारित समयसीमा के अंदर किया जाए तथा इस पर किसी प्रकार की उदासीनता व लापरवाही परिलक्षित न हों। उन्होने कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय है, अतः इनसे जुड़े आवेदनों को पूरी गंभीरता से लें, त्वरित कार्यवाही करें एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर श्री क्षितिज गुरूभेले विशेष रूप से उपस्थित थे।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम के जोन कमिश्नरों, अधिकारियों, अभियंताओं की बैठक लेकर टी.एल.प्रकरणों, जनशिकायतों, मुख्यमंत्री जनदर्शन, जनचौपाल आदि से जुड़े प्रकरणों के निराकरण की कार्यप्रगति की

समीक्षा की। प्रकरणों के निराकरण पर क्या कार्यवाही की गई, उनका संतुष्टिपूर्ण निराकरण हुआ या नहीं, लंबित प्रकरण, लंबित होने के कार णों की समीक्षा करते हुए उन्होने प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने निर्देशित करते हुए कहा कि जनसमस्याओं व शिकायतों से जुड़े विषय सर्वोच्च प्राथमिकता के विषय हैं, अतः इन्हें पूरी गंभीरता से लें तथा उनके निराकरण की त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए नियत समयसीमा के अंदर संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें।

**विकास व निर्माण कार्यो की समीक्षा**— बैठक के दौरान आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम द्वारा विभिन्न मदों के अंतर्गत किए जा रहे विकास कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की। उन्होने जिला खनिज न्यास मद, अधोसंरचना मद, निगम मद, सांसद मद, प्रभारी मंत्री मद, सी.एस.आर.मद, विधायक, महापौर, पार्षद मद, वित्त आयोग मद सहित अन्य विभिन्न मदों के तहत किए जाने वाले विकास व निर्माण कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यो में आवश्यक गति लाने के निर्देश दिए। उन्होने अभियंताओं से कहा कि विकास व निर्माण कार्यो के संपादन के दौरान कार्य की गुणवत्ता व कार्य में प्रयुक्त की जा रही सामग्री की क्वालिटी पर विशेष फोकस करें तथा यह सुनिश्चित करें कि कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से हों। उन्होने कहा कि कार्यो की गुणवत्ता व वर्क क्वालिटी के साथ किसी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा।

**अतिक्रमण पर हो प्रभावी कार्यवाही**— आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अतिक्रमण दस्ता प्रभारी व जोन कमिश्नरों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि निगम व शासकीय जमीनों, सड़क के किनारे फुटपाथों, चौक—चौराहों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर किए जाने वाले किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को दूर करने के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराएं तथा प्रशासन व पुलिस के सहयोग से अतिक्रमण हटाते हुए यह सुनिश्चित करें कि अतिक्रमण को किसी भी सूरत में बढ़ावा न मिले।

**पी.एम.ए.वाई. की समीक्षा** — बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत बी. एल.सी. घटक के तहत निर्मित कराए जा रहे आवासगृहों के निर्माण कार्य, घटक के अंतर्गत स्वीकृत आवासगृह एवं प्राप्त लक्ष्य आदि की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यो में गति लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने बी.एल.सी. घटक अंतर्गत निर्मित किए जा रहे आवासगृहों के निर्माण की कार्यप्रगति की जोनवार समीक्षा की तथा प्रत्येक जोन हेतु लक्ष्य निर्धारित करते हुए, लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि इस दिशा में हितग्राहियों को प्रोत्साहित व प्रेरित कर कार्यो में अपेक्षित तेजी लाएं तथा आवासगृहों के निर्माण कार्य पूरा कराएं। उन्होने ए.एच.पी.घटक के अंतर्गत निगम द्वारा पूर्ण किए गए एवं प्रगतिरत आवासगृहों तथा उनके आबंटन संबंधी कार्यो की कार्यप्रगति की भी समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**राजस्व वसूली कार्य में तेजी लाएं** — आयुक्त श्री पाण्डेय ने बैठक के दौरान निगम के राजस्व वसूली कार्यो की समीक्षा की, उन्होने सम्पत्तिकर, समेकित कर, शिक्षा उपकर, भवन दुकान किराया सहित अन्य करों की वसूली की कार्यप्रगति की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए वसूली कार्यो में तेजी लाने तथा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों व निरीक्षकों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने आमनागरिकों व करदाताओं की सुविधा के लिए निगम के सभी वार्डो में राजस्व वसूली शिविर आयोजित किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

**साफ—सफाई व्यवस्था में और अधिक कसावट लाएं** — बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के साफ—सफाई कार्यो की समीक्षा की, उन्होने कहा कि शहर की स्वच्छता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है, अतः सफाई व्यवस्था में और अधिक कसावट लाई जाए, एस.एल.आर.एम.सेंटर की व्यवस्थाओं पर कड़ी नजर रखी जाए, वार्ड एवं बस्तियों, आवासीय व व्यवसायिक क्षेत्रों, सड़क व नाली आदि के सफाई कार्य निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप हों, यह सुनिश्चित किया जाए, डोर—टू—डोर अपशिष्ट संग्रहण को और अधिक प्रभावी स्वरूप देते हुए कचरे के शत प्रतिशत स्त्रोत पृथकीकरण का कार्य कराते हुए अपशिष्ट का संग्रहण कराया जाए, सफाई कार्य में संलग्न सफाई कर्मी व स्वच्छता दीदी अनिवार्य रूप से निर्धारित ड्रेस पहने तथा सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करें, यह भी सुनिश्चित किया जाए।

बैठक के दौरान सहायक कलेक्टर श्री क्षितिज गुरूभेले के साथ ही अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी एवं पवन वर्मा, लेखाधिकारी भवकांत नायक, जोन कमिश्नर विनोद शांडिल्य, भूषण उरांव, अखिलेश शुक्ला, प्रकाश चन्द्रा, तपन तिवारी, एन.के.नाथ, राकेश मसीह, सुनील टांडे, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, संपदा अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, सहायक राजस्व अधिकारी सुमित गुप्ता, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, सहायक अभियंता पीयूष राजपूत, राहुल मिश्रा, विवेक रिछारिया, गोयल सिंह विमल, राजस्व निरीक्षक अजय अग्रवाल, अविनाश जायसवाल, पुखराज यादव, दिलेश्वर सिंह, संजय सिंह ठाकुर, महेश्वर सिंह, उत्तम साहू, रामकृष्ण सोनी, कुशल सिंह आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।